रेलवे, बैंक कर्मचारी और सॉफ्टवेयर इंजीनियर चला रहे थे आईपीएल सट्टा

- फ्लैट किराए पर लेकर चला रहे थे करोड़ों का ऑनलाइन सट्टा
- इंदौर क्राइम ब्रांच ने आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार
- ऑनलाइन सट्टा रैकेट का टेलीग्राम से जुड़ा था नेटवर्क

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले हाईटेक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रेलवे और बैंक कर्मचारी सहित निजी कंपनियों में काम करने वाले युवक शामिल हैं.

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि शहर में एक गिरोह किराए के फ्लैट में बैठकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है. इस पर टीम ने मंगलवार रात बेंगलुरु और गुजरात के बीच चल रहे मैच के दौरान दबिश दी और मौके से 8 युवकों को पकड़ लिया. आरोपी पिछले करीब एक महीने से फ्लैट में रहकर मोबाइल आईडी के जरिए सट्टा बुक कर रहे थे. सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों से आकर इंदौर में रुके हुए थे.

प्रीमियम नाम की वेबसाइट से लिंक लेकर बनाई आईडी से लगवाते थे दांव-पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का मास्टरमाइंड कुणाल दास है, जिसने टेलीग्राम के जरिए सभी को जोड़ा था. इसके बाद चैटिंग के माध्यम से पूरा नेटवर्क खड़ा किया गया. आरोपी प्रीमियम नाम की वेबसाइट से लिंक लेकर ग्राहकों को आईडी बनाकर देते थे और हर मैच पर दांव लगवाते थे. पकड़े गए आरोपियों में शशांक नेगी, जो गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, भी शामिल है. इसके अलावा रामा स्वामी, अविनाश ठाकुर, चिन्मय, राजेंद्र दास, आनंद प्रधान और विकास को भी गिरफ्तार किया गया है. इनमें कोई रेलवे कर्मचारी, बैंक कर्मी, जियो कंपनी कर्मचारी, छात्र है तो कोई अन्य निजी कंपनी में नौकरी करता है.

23 मोबाइल, 3 लैपटॉप, नकदी और करीब 2 करोड़ रुपए का रिकार्ड जब्त

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप, नकदी और करीब 2 करोड़ रुपए के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर बरामद किए हैं. जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी मोबाइल और इंटरनेट के जरिए पूरे नेटवर्क को ऑपरेट कर रहे थे और फ्लैट को अपना ठिकाना बनाकर सट्टे का कारोबार चला रहे थे. डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा है. पूछताछ में ऑनलाइन सट्टे का बड़ा नेटवर्क सामने आया है. जब्त सामग्री के आधार पर आगे की जांच की जा रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है.

सराफा में एएसआई के बेटे से मारपीट, आंख के ऊपर की हड्डी टूटी

- परिजन बोले... पुलिस ने सख्त कार्रवाई की बजाय करा दिया सेटलमेंट
- वीडियो वायरल होते ही हरकत में आया महकमा

नव भारत न्यूज

इंदौर. बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब पुलिस परिवार भी सुरक्षित नहीं रहे. सराफा क्षेत्र में एएसआई के बेटे ध्रुव सिंह को मामूली कहासुनी के बाद बेरहमी से पीट दिया गया. गंभीर हालत में युवक अस्पताल में भर्ती है, वहीं थाने में मामले को दबाने के आरोपों ने पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

घटना सराफा थाना क्षेत्र की है. झाबुआ के कालिदेवी थाने में पदस्थ एएसआई अशोक सिंह का परिवार इंदौर पुलिस लाइन में रहता है. उनका बेटा ध्रुव सिंह दोस्तों के साथ सराफा बाजार गया था, जहां भीड़ में

रोहन गुर्जर और उसके साथियों से धक्का लगने पर विवाद हो गया. मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने ध्रुव पर हमला कर दिया और बीच सड़क पर बेरहमी से पीटते रहे. मारपीट इतनी गंभीर थी कि ध्रुव अधमरी हालत में गिर पड़ा. घायल को तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में आंख के ऊपर की हड्डी फ्रैक्चर मिली. हालत बिगड़ने पर उसे गुजरात के दाहोद रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है.

पुलिस ने सेटलमेंट कराकर आरोपियों को छोड़ दिया-मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू थाने में सामने आया. आरोप है कि घटना के बाद दोनों पक्ष सराफा थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करने के बजाय मामला सेटल कर दिया. गंभीर धाराएं लगाने की बजाय कथित राजीनामा कराकर मुख्य आरोपी रोहन गुर्जर और उसके साथियों को छोड़ दिया. घटना के बाद पीड़ित परिवार को न्याय के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ा.

वीडियो वायरल होने पर अधिकारियों ने लिया मामले में संज्ञान

वीडियो वायरल होते ही मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. अब सवाल उठ रहा है कि जब पुलिस परिवार के साथ ही ऐसा व्यवहार हो रहा है, तो आम लोगों की शिकायतों पर क्या कार्रवाई होती होगी. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है. पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

पड़ोसी की धमकियों से परेशान टेलर ने जहर खाकर किया सुसाइड

- 17 दिन पहले पड़ौसी ने की थी मारपीट
- जमानत पर छूटकर आया आरोपी दे रहा था धमकियां

नव भारत न्यूज

इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में एक टेलर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों ने पड़ोसी पर प्रताड़ना और लगातार धमकाने के आरोप लगाए हैं. घटना के बाद इलाके में तनाव तथा परिवार में गम का माहौल है.

पुलिस के अनुसार, मामला शंकर कॉलोनी का है, जहां 55

वर्षीय गजानंद पुत्र नाथूसिंह ने मंगलवार को खेत में जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए अरविंदो अस्पताल ले गए, जहां रात में उनकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि गजानंद सिलाई का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे. उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं. परिवार का आरोप है कि 10 मई को पड़ोस में रहने वाले मेहताब सिंह ने गजानंद के साथ मारपीट की थी. इस हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और करीब 10 टांके लगे थे. मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी. बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. लेकिन, जमानत पर छूटने के बाद वह लगातार गजानंद को धमका रहा था.

मोबाइल अपडेट करने के दौरान खाते से 1.48 लाख की ठगी

- यूपीआई से कई ट्रांजेक्शन कर खाते से उड़ाई रकम
- मोबाइल रीसेट होते ही गायब हुआ डेटा

नवभारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में मोबाइल अपडेट के दौरान एक व्यक्ति के खाते से 1 लाख 48 हजार 700 रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात आरोपी ने यूपीआई के जरिए उसके खाते से कई ट्रांजेक्शन कर रकम निकाल ली.

फरियादी जितेंद्र त्रिपाठी निवासी सिंगापुर टाउनशिप फेज-2 ने पुलिस को बताया कि 24 मई की शाम करीब 5.20 बजे उनका मोबाइल ऑटोमैटिक अपडेट में चला गया. करीब 6 बजे मोबाइल चालू हुआ तो उसमें सारा डेटा गायब था और फोन पूरी तरह नए मोबाइल की तरह रीसेट हो गया था. इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने उनके जी पे यूपीआई अकाउंट का दुरुपयोग करते हुए कई ट्रांजेक्शन कर लिए. आरोपी ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,48,700 रुपए खाते से निकाल लिए. घटना का पता चलने पर फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

एक नजर में

लीनेस क्लब ने रेलवे स्टेशन पर शुरू की जल सेवा

महू. नौतपा के भीषण तपती गर्मी में आम नागरिकों को राहत मिले इसलिए नए रेलवे स्टेशन पिपलेवर महादेव मंदिर महू पर ठंडे पानी की सेवा प्रारंभ की गई. मटके की पूजा अंजली नीरज शर्मा ने की. साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी शैलेन्द्र शुक्ला के आतिथ्य में शुभारंभ किया. विशेष अतिथि राजेश शर्मा, निर्मला खंडेलवाल थी. क्लब की ओर से क्लब अध्यक्ष स्वाति शर्मा, रागिनी विजयवर्गीय, गायत्री विजयवर्गीय, उषा विजयवर्गीय, राखी शर्मा उपस्थित थी. आभार संयोजिका शोभा व्यास ने माना.

ई केवाईसी अपडेट करने घर-घर दस्तक दे रहे पंचायतकर्मी

महू. ग्राम पंचायत हरनियाखेड़ी द्वारा इन दिनों देर शाम घर-घर जाकर ग्रामीणों का ई केवाईसी अपडेट कराया जा रहा है. पंचायत अंतर्गत आने वाले जिन लोगों का ई केवाईसी के साथ आधार लिंक नहीं है, पंचायतकर्मी उनके घर पहुंचकर स्वयं ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं. ग्राम पंचायत सरपंच संजय चौहान एवं सचिव अर्जुन सिंह सिसोदिया ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में सबसे ज्यादा समस्या ई केवाईसी को लेकर आ रही थी, जिसको लेकर पंचायत स्वयं ही नागरिकों के घर जाकर यह सुविधा उपलब्ध करवा रही है. पंचायत को मिले टारगेट के अनुसार पंचायत सचिव समेत विभिन्न सहयोगी मिलकर घर-घर दस्तक देकर ई केवाईसी करके अपना टारगेट पूरा करने में जुटे हैं.

लुनियापुरा श्रीराम मंदिर चौराहे पर हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

महू. रामादल के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से वार्ड 4 के स्थित लुनियापुरा श्रीराम मंदिर चौराहा पर 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. इसमें सैकड़ों सनातनी महिला, पुरुषों, बालक-बालिकाएं, वरिष्ठ जन, प्रमुख व्यापारी बंधु उपस्थिति हुए. मुख्य अतिथि किशोर बियानी, वरिष्ठ अधिवक्ता जेडी तिवारी, बसंत अग्रवाल, सुरेंद्र चौहान थे. अतिथियों द्वारा भारत माता एवं राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. श्री हनुमान चालीसा पाठ को अपनी विशेष स्वर लहरियों में बांधने में शहर के प्रसिद्ध श्री चक्की वाले बाबा सुंदरकांड मंडल के प्रसिद्ध भजन गायक राकेश चौहान, पवन गुप्ता, अधिवक्ता अंकित विक्की परदेशी, विवेक कुसुंबले, ललिता पाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात महाआरती एवं प्रसादी साबूदाने की खिचड़ी व खोपरा पाक का प्रसाद वितरण किया गया. आयोजन में प्रमुख रूप से हेमंत श्रीवास, नितिन चौहान, सुधीर परदेशी, रोहित चौहान, राजेश बियानी, हेमंत श्रीवास, विशाल बियानी, जीतू मेहरा, दीपक चौहान, नागेश चौहान, गोपाल दुबे, उमेश शर्मा, लता यादव, सूरज कौशल, मोंटू मेहरा, निखिलेश चौहान, अमन पाल, शीतल चौहान, विपिन श्रीवास, हर्ष चौहान, नवीन चौहान, सन्नी भारत बिलरवान, प्रियांश चौहान, मोहित चौहान, सुमित जोशी, बबीता चौहान, निशा राजपूत, सुशीला बानोदा, अनुष्का चौहान आदि का सराहनीय सहयोग रहा. संचालन युवा समाजसेवी मोंटू यादव ने किया. आभार भाजयुमो नगर अध्यक्ष वैभव श्रीवास द्वारा व्यक्त किया गया.

पलासिया में टेंट हाउस गोदाम में आग, लाखों का सामान राख

- नजदीक के हॉस्टल में भी घुसा धुआं
- हॉस्टल खाली कर बाहर भागे छात्र

नव भारत न्यूज

इंदौर. पलासिया चौराहा क्षेत्र में देर रात एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई. कुछ ही मिनटों में लपटें तेज हो गईं और धुएं से पूरा इलाका भर गया. हादसे में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया.

घटना अशोक टेंट हाउस के गोदाम की है, जहां अचानक आग भड़क उठी. आग लगते ही गोदाम से तेज लपटें और घना धुआं उठने लगा, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए. गोदाम के पास स्थित हॉस्टल में धुआं घुसते ही छात्रों में भगदड़ जैसे हालात बन गए. कई छात्र अपने कमरे छोड़कर बाहर निकल आए. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और तेजी से आग बुझाने का कार्य शुरू किया. दमकल टीम ने करीब एक टैंकर पानी की मदद से आग पर काबू पाया. हालांकि, तब तक टेंट हाउस में रखा बड़ी मात्रा में सामान जलकर नष्ट हो गया. प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है.

चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूमते 3 अंतरराज्यीय चोर धराए

- 9 दोपहिया वाहन बरामद, कई थानों के केस खुले

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच और विजयनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं.

पुलिस को सूचना मिली थी कि मेघदूत गार्डन और विजयनगर क्षेत्र में कुछ युवक बिना नंबर की संदिग्ध मोटरसाइकिलों के साथ घूम रहे हैं और उन्हें सस्ते दामों में बेचने की फिराक में हैं. सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और थाना

विजयनगर की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को दबोच लिया. पकड़े गए आरोपियों के नाम मोहित वर्मा, विशेष कोरी और निशांत सुनहरे बताए गए हैं. तीनों की उम्र करीब 18 वर्ष है और ये शहर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं. पुलिस ने जब आरोपियों से वाहनों के दस्तावेज मांगे तो वे कोई कागजात नहीं दिखा सके. सख्ती से पूछताछ में उन्होंने विजयनगर, परदेशीपुरा, कनाड़िया, सावेर और देवास नाका क्षेत्रों से बाइक चोरी करना कबूल किया. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 9 मोटरसाइकिल बरामद की हैं. जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा चुराई गईं कुछ गाड़ियों की रिपोर्ट विजयनगर थाने तथा परदेशीपुरा थाने में दर्ज है.

रिमांड लेकर की जाएगी पूछताछ

पुलिस के मुताबिक आरोपी शहर के अलग-अलग इलाकों से बाइक चुराकर उन्हें बिना नंबर या बदले हुए नंबर के साथ घुमाते थे और ग्राहक मिलते ही सस्ते दामों में बेच देते थे. मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया है. पूछताछ में कई वाहन चोरी की वारदातें खुली हैं. आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जाएगा, जिससे और खुलासे होने की संभावना है.

ऑनलाइन ठगोरों से 2.36 करोड़ रुपए रिकवर कर पीड़ितों को लौटाए

- साइबर फ्रॉड मामलों में क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में बढ़ते साइबर फ्रॉड मामलों के बीच इंदौर पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2026 में अब तक ऑनलाइन ठगी के शिकार लोगों को 2 करोड़ 36 लाख 77 हजार 576 रुपए की राशि वापस कराई है. अप्रैल तक करीब 3350 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें त्वरित कार्रवाई कर बड़ी रकम रिकवर की गई.

क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने लगातार कार्रवाई करते हुए हजारों फर्जी बैंक खातों को फ्रीज कराया. साथ ही 180 से अधिक हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम) रिकवर किए गए और 200 से ज्यादा फर्जी प्रोफाइल, जो लोगों के नाम और फोटो से बनाए थे, उन्हें ब्लॉक कराया. मासिक आंकड़ों के अनुसार जनवरी में 36.46 लाख, फरवरी में 91.95 लाख, मार्च में 59.05 लाख और अप्रैल में 49.29 लाख रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए. जांच में सामने आया कि सबसे ज्यादा शिकायतें इन्वेस्टमेंट फ्रॉड (टास्क, ट्रेडिंग, गेमिंग), बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट या रिवॉर्ड प्वाइंट के नाम पर ठगी और परिचित बनकर भावनात्मक रूप से पैसे ऐंठने के मामलों की हैं.

कार्रवाई के साथ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान-साइबर फ्रॉड को लेकर पुलिस ने कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाए, जिनमें लाखों लोगों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए गए. आमजन से अपील की गई है कि किसी भी ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें और संदिग्ध कॉल या लिंक से दूर रहें. साथ ही पुलिस ने 'सेफ क्लिक्स' चैटबॉट के माध्यम से जानकारी लेने और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी है.

जीपीएस ट्रैकर से बाइक चोर के फेल हो गए मंसूबे

- अस्पताल के बाहर से चुराई बाइक, मोबाइल अलर्ट से खुली पोल
- मालिक द्वारा पीछा करते देख बीच रास्ते में बाइक छोड़कर भागा

नव भारत न्यूज

इंदौर. अन्नपूर्णा क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात तकनीक के कारण फेल हो गई. जीपीएस ट्रैकर लगे होने से बाइक मालिक को तुरंत अलर्ट मिला और पीछा करते ही चोर घबराकर बाइक छोड़कर फरार हो गया.

घटना अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की है, जहां एक निजी अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात बदमाश ने लॉक तोड़कर चोरी कर लिया. आमतौर पर ऐसी वारदातों में वाहन का सुराग लगाना मुश्किल होता है, लेकिन इस बार चोर की चाल उलटी पड़ गई. दरअसल, बाइक में पहले से जीपीएस ट्रैकर लगा हुआ था, जो मोबाइल ऐप से जुड़ा था. जैसे ही बाइक को स्टार्ट कर आरोपी वहां से निकला, मालिक के मोबाइल पर लोकेशन बदलने का अलर्ट आ गया. अलर्ट मिलते ही मालिक ने तुरंत मोबाइल पर लाइव लोकेशन ट्रैक करना शुरू किया और अपने स्तर पर ही बाइक का पीछा करने निकल पड़ा. लगातार पीछा होते देख आरोपी घबरा गया.

पकड़े जाने के डर से उसने बीच रास्ते में बाइक छोड़ दी और मौके से फरार हो गया. इस तरह कुछ ही देर में बाइक सुरक्षित वापस मिल गई.

घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में चोरी और पीछा किए जाने की पूरी कहानी साफ नजर आ रही है. मामला सामने आने के बाद अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है. पुलिस फरियादी से संपर्क कर औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में जुटी है. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि जीपीएस ट्रैकिंग के कारण वाहन जल्दी मिल गया. वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा.

एक नजर में – नगर निगम पानी की आपूर्ति कर नहीं पा रही, शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, निजी टैंकर वाले ढाई गुना दाम पर पानी बेच रहे, वहीं मोहम्मद

बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते लोंगों का सहारा बने मोहम्मद चौधरी

इंदौर. भीषण गर्मी के इस मौसम में शहर के वाशिंदे गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. कई क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. हालांकि शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन के बावजूद कम प्रेशर से पानी आने और बोरिंग बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है. नगर निगम टैंकरों से आपूर्ति नहीं कर पा रही है. परिणामस्वरूप निजी टैंकर वाले दो-ढाई गुनी दर पर पानी बेच रहे हैं. वहीं, कुछ समाजसेवी ऐसे भी हैं, जो अपने यहां के ट्यूबवेल से मुफ्त पानी देकर जल सेवा कर रहे हैं.

इन दिनों शहर में हर तरफ जल संकट गहराया हुआ है, वहीं श्रीनगर में एक अजब तस्वीर सामने आई है, जिसका अन्य लोगों को भी अनुशरण करना चाहिए. दरअसल, श्रीनगर

निवासी मोहम्मद चौधरी के बंगले के बाहर हाथों में खाली बर्तन लिए दिन-रात लोगों की भीड़ लगी रहती है. जहां नगर निगम जल संकट का निवारण नहीं कर पा रही है, वहीं मोहम्मद चौधरी द्वारा पिछले कई वर्षों से 12 महीने नि:शुल्क पानी वितरण किया जाता है. जल आपूर्ति के लिए कोई खजराना चौराहा रिंग रोड से तो कोई स्वर्ण बाग से तो कोई बर्फानी धाम के पीछे से यहां पानी लेने पहुंचता है. सुबह से लेकर देर रात तक यहां से लोग पानी भरकर ले जाते हैं.

यह बोले नागरिक...

सुबह चार कुप्पी और शाम को चार कुप्पी पानी लेने यहां पर पहुंचता हूं, क्योंकि मेरे क्षेत्र में पानी की बहुत ही ज्यादा किल्लत चल रही है. गरीब हूं इसलिए पैसे देकर टैंकर नहीं बुला सकता.

- दिनेश गांगले, सुंदर नगर, बर्फानी धाम के पीछे

क्षेत्र में सरकारी नल और टैंकर से पानी नहीं मिलता. रिंग रोड से हम हर रोज तीन-चार परिवारों के लिए यहां से पानी ले जाते हैं, हम यह सोचकर परेशान हो जाते हैं कि यदि चौधरी जी सहायता न करें तो हम लोग तो प्यासे ही मर जाएंगे.

-अंकु, रिंग रोड चौराहा, खजराना चौराहा

क्षेत्र में पानी की किल्लत है, क्षेत्र के बोरिंग भी सूख चुके हैं, निगम के पानी के टैंकर कम आते हैं, जिससे पानी की पूर्ति नहीं हो पाती. पानी के बंदोबस्त के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है.

- अहद खान, स्वर्ण बाग कॉलोनी